हिन्दी दैनिक

RNI-BIHHIN/2012/43368

# नवशक्ति

www.navshaktinews.in

navshakti news paper patna

वर्ष : 13, अंक : 283 | पटना, गुरुवार, 05 दिसम्बर, 2024 | पृष्ठ, : 8 मूल्य : दो रुपये

## मौजूदा वक्त विज्ञान और प्रौद्योगिकी का है : राष्ट्रपति



**दिल्ली , (संवाददाता )।** भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने ओडिशा के पुरी में गोपबंधु आयुर्वेद महाविद्यालय की 75वीं वर्षगांठ समारोह में शिरकत की।इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि, मौजूदा वक्त विज्ञान और प्रौद्योगिकी का वक्त है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, क्वांटम कंप्यूटिंग और 3-डी प्रिंटिंग जैसी तकनीकें अध्ययन और विकास दोनों में मदद कर रही हैं। हमें वर्तमान की जरुरतों को पहचान कर भविष्य का खाका तैयार करना होगा। लेकिन, अपने अतीत को जाने बिना हम न तो वर्तमान को समझ सकते हैं और न ही भविष्य की रणनीति तय कर सकते हैं। हमें अपने गौरवशाली अतीत के बारे में जानकारी होनी चाहिए। भारत में भौतिकी, रसायन विज्ञान, खगोल विज्ञान, ज्योतिष, चिकित्सा, गणित और वास्तुकला में क्षेत्र में समृद्ध परंपराएं हैं। आर्यभट्ट, ब्रह्मगुप्त, वराहमिहिर और भास्कराचार्य जैसे वैज्ञानिकों ने विज्ञान के क्षेत्र को समृद्ध किया है। इसी प्रकार चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में चरक और सुश्रुत का योगदान उल्लेखनीय है।राष्ट्रपति ने कहा कि पारंपरिक भारतीय चिकित्सा प्रणालियाँ, रोकथाम और इलाज को समान महत्व देती हैं।

उन्होंने विश्वास जताया कि गोपबंधु आयुर्वेद महाविद्यालय के छात्र डॉक्टर के रूप में सेवा देने के साथ-साथ आयुर्वेद के तमाम अछूते पहलुओं पर भी शोध करेंगे। उन्होंने कहा कि शोध से इस प्राचीन चिकित्सा प्रणाली की प्रामाणिकता स्थापित होगी और दुनिया भर में इसकी मान्यता बढ़ेगी।राष्ट्रपति ने कहा कि आदिवासी लोग प्राचीन काल से जड़ी-बूटियों और उनके औषधीय लाभों के बारे में जानते हैं। लेकिन, यह पारंपरिक ज्ञान अब धीरे-धीरे लुप्त होता जा रहा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस कॉलेज के छात्र, उपचार की इस प्रणाली के वैज्ञानिक आधार का पता लगाएंगे। उन्होंने कहा कि ऐसा करके वे उस पारंपरिक व्यवस्था को विलुप्त होने से बचा पाएंगे।

## हमारा भारत गुलदस्ते की तरह है जिसमें रंग-बिरंगे फूल खिले हुए हैं और भोजन में भी वे रंग हैं: शिवराज सिंह चौहान

**दिल्ली , (संवाददाता)।** केंद्रीय ग्रामीण विकास व कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज कनॉट प्लेस नई दिल्ली में आयोजित सरस फूड फेस्टिवल में भाग लिया। ग्रामीण विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री श्री कमलेश पासवान व डॉ. चंद्रशेखर पेम्मासानी, सचिव शैलेश कुमार, अपर सचिव श्री चरणजीत सिंह (डीएवाई.एनआरएलएम), संयुक्त सचिव (ग्रामीण आजीविका) सुश्री स्मृति शरण व मंत्रालय के अन्य अधिकारी भी कार्यक्रम में शामिल थे। श्री चौहान ने कहा कि सरस मेला बेहद सरस हो गया है। दीदीयों के द्वारा बनाये परंपरागत व्यंजनों की खुशबू दिल्लीवालों को यहां आमन्त्रित कर रही है। हमारा देश अद्भुत है अलग भाषा, अलग भेष, अलग परंपरायें और खानपान फिर भी हमारा एक है। हमारा भारत गुलदस्ते की तरह है जिसमें रंग-बिरंगे फूल खिले हुए हैं और भोजन में भी वे रंग हैं। उन्होंने अपने झारखंड दौरे का जिक्र करते हुए कहा कि वहा शब ए आजम अम्बा है जिसका मतलब है स्वादिष्ट पकवान। इसे आदिवासी दीदी चलाती हैं जिसमें परंपरागत पकवान परोसे जाते हैं। श्री चौहान ने छतीसगढ़ के गढ़कलेवा में बहनों द्वारा पारंपरिक भोजन परोसने का भी जिक्र किया। उन्होंने बिहार, राजस्थान, पंजाब, केरल, कर्नाटक आदि राज्यों के पारंपरिक व्यंजनों की सराहना करने हुए कहा कि अपने जीवन मुल्य, अपना भोजन ये सब अदभुत हैं। इस परंपरागत भोजन की विशेषता है कि यह सेहत के लिए लाभकारी होता है। इस मेले की विशेषता यह है कि इस मेले को दीदीयां चला रही हैं। श्री चौहान ने बताया कि मध्य प्रदेश का मुख्यमंत्री रहते मैंने मुख्यमंत्री आवास में दीदी कैफे खोला था। आज भी उन कैफे को आजीविका मिशन की दीदीयां चलाती हैं। दीदीयां जो भी काम करती हैं वह गंभीरता से करती हैं। दीदीयां यह कोशिश करती हैं कि उनके काम में कोई भी कमी न रहे।



राष्ट्रीय जनसंभावना पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र सहनी के द्वारा मुजफ्फरपुर भ्रमण के दौरान राष्ट्रीय जनसंभावना पार्टी के पूर्व विधानसभा उप चुनाव के प्रत्याशी जय मंगल राम जी ने श्री सहनी को शाल देकर स्वागत किया । इस मौके पर पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अरुण कुमार यादव एवं कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष अशोक पासवान उपस्थित थे।

## अवैध माइनिंग पर हर हाल में लगे रोक: हेमन्त सोरेन

**रांची, (संवाददाता)।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने झारखंड मंत्रालय में आज राज्य में विधि व्यवस्था का संधारण एवं अपराध नियंत्रण, अवैध माइनिंग पर रोक, मादक पदार्थ पर नकेल कसने एवं साइबर क्राइम पर लगाम लगाने से संबंधित एक उच्चस्तरीय बैठक की। बैठक में पुलिस विभाग के अधिकारियों द्वारा मुख्यमंत्री के समक्ष पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन (पीपीटी) के माध्यम से राज्य में विधि व्यवस्था, अवैध माइनिंग पर रोक तथा विभिन्न प्रकार के अपराध नियंत्रण को लेकर की जा रही कार्रवाई की विस्तृत जानकारी रखी गई। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने अधिकारियों से कहा कि राज्य में बेहतर विधि व्यवस्था का संधारण हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में से एक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सुनियोजित अपराध को रोकने के लिए पुलिस एक प्रभावशाली प्लान तैयार कर चिन्हित अपराधियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करे। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऑर्गनाइज्ड क्राइम तभी रुकेगा जब स्ट्रांग पुलिसिंग का डर अपराधियों के भीतर दिखाई दे। पुलिस का भय अपराध करने वालों में होना आवश्यक है। मुख्यमंत्री के समक्ष पुलिस अधिकारियों ने कहा कि पिछले तीन वर्षों में विभिन्न अपराध कांडों में कमी आयी है। दहेज हत्या से प्रभावित जिलें पलामू गढवा, हजारीबाग, गिरिडीह, धनबाद एवं सामान्य हत्या बोकारो में ज्यादा फोकस



करते हुए इन कांडों में नियंत्रण के किए कार्य किए जा रहे हैं। सामान्य हत्या शीर्ष में रांची, गुमला तथा चाईबासा जिला में भी कार्रवाई की जा रही है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पुलिस राज्य में अवैध मादक पदार्थों के कारोबार की रोकथाम के लिए व्यापक विशेष अभियान चलाकर लोगों को कानून की जानकारी दें। शहरी एवं ग्रामीण सभी जगहों के विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले नुकसान के विषय पर जानकारी दें। जागरूकता से ही मादक पदार्थ के सेवन में कमी आएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मादक पदार्थों के दुरुपयोग के खिलाफ कार्रवाई तेज करने के लिए प्लान के साथ आगे बढ़ें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विगत कई वर्षों से पुलिस ने अभियान चलाकर हजारों एकड़ में अफीम की तैयार फसल नष्ट भी की है, लेकिन इसके बावजूद वन भूमि में अफीम के धंधे को पूरी तरह रोक पाना मुमकिन नहीं हो पाया है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि फॉरेस्ट डिपार्टमेंट के साथ बेहतर समन्वय बना कर वनभूमि में हो रही अफीम की खेती को जड़ से नष्ट करें तथा यह सुनिश्चित करें कि वैसी जगहों पर दोबारा नशीले पदार्थों की खेती न हो।

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिला पुलिस-प्रशासन की ओर से व्यापक प्रचार-प्रसार कर नशीले पदार्थ की खेती करने पर मिलने वाली सजा की जानकारी दें। अफीम सहित किसी भी प्रकार की नशीले पदार्थ की खेती और कारोबार कानूनन जुर्म है। इस जुर्म में पुलिस की ओर से की जानेवाली कठोर कार्रवाई और कानूनन दी जाने वाली सजा के बारे में लोगों को अवगत कराएं। मुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि अफीम की खेती से प्रभावित क्षेत्रों में संबंधित थाना प्रभारी, चौकिदार, वनकर्मी की जिम्मेदारी तय करें। वैसे कर्मी जो अपने जिम्मेदारी का निर्वहन ईमानदारी पूर्वक नही कर रहे हैं उनपर कार्रवाई सुनिश्चित करें।



संगीता राउत चांदन प्रखंड के बोड़ा सुईया पंचायत के पैक्स अध्यक्ष का प्रमाण पत्र लेते हुए।

## नालंदा के सांसद ने रेल मंत्री की सरहाना करते हुये क्षेत्र का मामला उठाया

**नालंदा , (संवाददाता )।** नालंदा के सांसद शैलेन्द्र कुमार ने लोकसभा में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव की सरहाना करते हुये कहा कि कोरोना काल मे रेल द्वारा बैंड कर दी गई रियायत को चालू करने के साथ अपने संसदीय क्षेत्र की रेल समस्यायों पर धयान दिलाया। उन्होंने कहा कि प्रस्तुत रेल विधेयक अधिनियम-1905 के प्रावधानों को शामिल करने का प्रस्ताव रखती है। अब भारतीय रेलवे अधिनियम-1905 समाप्त हो जायेगा और एक ही रेलवे अधिनियम कानून लागू होगा। जिससे रेलवे बोर्ड की शक्तियों में वृद्धि होगा। भारतीय रेलवे बोर्ड के प्रशासनिक ढाँचे को मजबूत बनाने में स्वतंत्रता मिलेग।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री एवं रेलमंत्री श्री अश्विनी वैष्णव के नेतृत्व में रेलवे काफी प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है। रेलवे द्वारा आधुनिक एवं स्वदेशी टेक्नीक से बना वंदे भारत ट्रेनों की शुरूआत काफी सराहनीय है। मेरे राज्य बिहार में 12 वंदे भारत ट्रेन की शुरूआत हुआ है। इसी प्रकार नमो भारत रेपिड रेल वंदे मैट्रो छोटे-छोटे शहरों को रेल सेवा प्रदान करने की दिशा में रेलवे उत्कृष्ट कार्य कर रहा है। यह भी अछी बात है कि रेलवे जल्द ही बुलेट ट्रेन भी चलाने जा रही है। मेरा सरकार से आग्रह होगा कि दिल्ली-कानपुर-वाराणसी होते हुए पटना के लिए भी बुलेट ट्रेन चलाने की परियोजना को जल्द से जल्द मंजूरी देने का काम करे। सांसद ने कहा कि बिहार के करीब 98 रेलवे स्टेशनों को अमृत भारत परियोजना में चयन कर विकास के कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने मंत्री से मंत्री जी से आग्रह किया कि अमृत भारत रेलवे परियोजना को अधिक धनराशि देकर जल्द से जल्द पूरा कराने की कृपा करे। साथ ही कोरोनाकाल में जो रेलगाड़ियां बन्द कर दी गई थी। किराया-भाड़ा स्पेशल गाड़ियों के नाम पर किराया बढ़ा दिया गया था। वरिष्ठ नागरिकों की किराये में छूट बंद कर दी गई थी। मेरा मंत्री जी से आग्रह है कि इस विषय पर भी ध्यान दें और बढ़े हुए किराये को वापस लिया जाये। वरिष्ठ नागरिकों को दी जाने वाली छूट पुनः बहाल किया जाये। जो गाड़ियां कोरोनाकाल में बन्द हो



गई थी, उसे पूर्ववत चलाया जाये और पहले की तरह ही सभी स्टेशनों पर उसका ठहराव किया जाये। इससे आम नागरिकों को काफी राहत मिलेगा। उन्होंने अपने संसदीय क्षेत्र नालंदा की समस्याओं को उठाते हुये कहा कि राजगीर रेलवे स्टेशन को भी अमृत भारत रेलवे परियोजना के तहत उसका विकास विस्वस्तरीय स्मार्ट रेलवे स्टेशन बनाने की दिशा में मंजूरी देने का काम करें। साथ ही स्टेशन के भवनों का डिजाईन स्थानीय संस्कृति, ऐतिहासिक विरासत और वास्तुकला के आधार पर ही तय किया जाये। राजगीर ब्रह्मा जी की पवित्र यज्ञ-भूमि, संस्कृति और वैभव का केन्द्र होने के साथ-साथ देवनगरी राजगीर जैन, बौद्ध और हिन्दू धर्मावलंबियों की संगम-स्थली एवं तीर्थ-स्थली है। राजगीर का ऐतिहासिक और पुरातात्विक महत्व है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार प्रत्येक तीन वर्षों में एक माह मलमास में सभी देवी-देवताओं का वास राजगीर में होता है। यहाँ मलमास में विश्व-प्रसिद्धविराट मलमास मेला लगता है।

## रालोमो सुप्रीमो उपेन्द्र कुशवाहा का सातवां चरण की बिहार यात्रा आज से

**पटना , (संवाददाता )।** रालोमो पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद उपेन्द्र कुशवाहा सातवें चरण की बिहार यात्रा 5 दिसंबर से पूर्वी चंपारण (मोतिहारी) से शुरू करेंगे। 5 दिसंबर को पूर्वी चंपारण (मोतिहारी) में पार्टी इकाई द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भाग लेगे, 6 दिसंबर को प० चंपारण (बेतिया), 7 दिसंबर को गोपालगंज और 8 दिसंबर को सिवान में जिला इकाई के द्वारा निर्धारित जनसभा को संबोधित करेंगे । तत्पश्चात पटना वापसी करेंगे।इस आशय की जानकारी प्रदेश प्रवक्ता ई० हेमन्त कुमार ने देते हुए बतलाया कि उक्त सभी जिलों में पार्टी के पदाधिकारियों, नेताओ के साथ-साथ आमजनों से भी मुलाकात करेंगे।उपेन्द्र कुशवाहा जी के साथ बिहार यात्रा के दौरान प्रभारी प्रदेश अध्यक्ष श्री मदन चौधरी एवं पार्टी के राष्ट्रीय और प्रदेश के सभी पदाधिकारी साथ रहेंगे ।

## कैग रिपोर्ट ने खोली जदयू भाजपा के नाकामियों की पोल: डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह

**पटना।** हाल में बिहार के स्वास्थ्य ढ़ांचे पर आई कैग की रिपोर्ट ने राज्य सरकार और उनकी कार्यशैली की धज्जियां उड़ा दी है साथ ही सरकार की जन उपेक्षा को खुलेआम कर कठघरे में खड़ा करने का काम किया है। सार्वजनिक स्वास्थ्य संरचना और स्वास्थ्य सेवाओं के प्रबंधन पर ऑडिट रिपोर्ट, 2016-2022 की रिपोर्ट से यह समझ में आता है कि कैसे बिहार के स्वास्थ्य व्यवस्था को ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और भाजपा ने आईसीयू में झोंक रखा है। ये बातें बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने कही। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि कैग की रिपोर्ट को विस्तृत रूप से पढ़ने के बाद समझ आता है कि वित्त वर्ष 2016-17 से 2021-22 के दौरान किए गए ?69,790.83 करोड़ के बजट प्रावधानों में से, बिहार ने केवल ?48,047.79 करोड़ (69%) खर्च किए, जिससे ?21,743.04 करोड़ (31%) का उपयोग तक नहीं हो पाया। नीति आयोग की सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) भारत सूचकांक रिपोर्ट (2020-21) के अनुसार भी बिहार ने एसडीजी-3 के लिए एसडीजी सूचकांक स्कोर के तहत 100 में से 66 अंक ही प्राप्त किए हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि स्टाफ नर्सों की कमी, दवा और उपकरणों की कमी के अलावे पैरामेडिक्स की कमी 45% से 90% तक रही। स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित 82 प्रकार के 24,496 पदों में से 35 प्रकार के 13,340 पदों के लिए भर्ती विभाग द्वारा नियुक्त मानव संसाधन एजेंसी के पास लंबित (जनवरी 2022) थी। इसके साथ ही सभी चार उप-जिला अस्पतालों (एसडीएच) में ऑपरेशन थिएटर (ओटी) तक उपलब्ध नहीं था, जिसे भारतीय सार्वजनिक स्वास्थ्य मानकों (आईपीएचएस) के अनुसार प्रत्येक एसडीएच में उपलब्ध कराया जाना था। मानव संसाधन के तहत, स्वास्थ्य विभाग के स्वास्थ्य सेवा निदेशालय, राज्य औषधि नियंत्रक, खाद्य सुरक्षा विंग, आयुष और मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों (एमसीएच) में कुल मिलाकर 49% रिक्तियां थीं। राज्य में, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की सिफारिश को पूरा करने के लिए 1,24,919 एलोपैथिक डॉक्टरों की आवश्यकता है जबकि केवल 58,144 एलोपैथिक डॉक्टर उपलब्ध थे। रिपोर्ट का हवाल देते हुए बिहार कांग्रेस



अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि 25 एम्बुलेंसों के संयुक्त भौतिक सत्यापन से पता चला कि किसी भी एम्बुलेंस में मानक के अनुसार आवश्यक उपकरण,दवा, भोज्य सामग्री नहीं थी। परीक्षण किए गए 10 एसडीएच, ग्रामीण स्वास्थ्य सांख्यिकी और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में से किसी में भी कार्यात्मक रक्त भंडारण इकाइयां (बीएसयू) तक नहीं थीं। वहीं उपलब्ध 132 वेंटिलेटर में से केवल 71 (54%) कार्यात्मक पाए गए तो तकनीशियनों की अनुपलब्धता और गैर-कार्यात्मक आईसीयू के कारण 57 (43%) वेंटिलेटर बेकार पड़े थे। आठ स्वास्थ्य सुविधाओं में, राज्य लाइसेंसिंग प्राधिकरण द्वारा जारी किए गए जनशक्ति और प्राधिकरण प्रमाणपत्रों की अनुपलब्धता के कारण बीएसयू गैर-कार्यात्मक थे। दरभंगा मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (डीएमसीएच) और गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (जीएमसीएच), बेतिया में बीएमएसआईसीएल द्वारा दवाओं की कमी व गैर-आपूर्ति के कारण वित्त वर्ष 2019-21 के दौरान 45 से 68% दवाएं उपलब्ध नहीं थीं। राज्य, भारत सरकार द्वारा निर्धारित आवश्यक दवाएं नहीं खरीद सका, जबकि वित्त वर्ष 2014-20 के दौरान ?35.36 करोड़ का अनुदान राज्य को प्रदान किया गया था। स्वास्थ्य विभाग की ऑडिट रिपोर्ट से पता चलता है कि 2016-22 के दौरान 11 परीक्षण जांच स्वास्थ्य सुविधाओं में पंजीकृत गर्भवती महिलाओं में से 1% से 67% को आईएफए गोलियों का पूरा कोर्स नहीं दिया गया था। वर्ष 2016-22 के दौरान, नोडल एजेंसी-बिहार मेडिकल सर्विसेज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीएमएसआईसीएल) ने आवश्यक 387 दवाओं में से केवल 14 से 63% के लिए आपूर्तिकताओं के साथ दर अनुबंध निष्पादित किया, जिसके परिणामस्वरूप ऐसी दवाओं की अनुपलब्धता हुई।

# 226 करोड़ रूपया खर्च करके नीतीश कुमार सिर्फ अपना चेहरा चमकाना चाहते हैं, सरकार महिलाओं के सुरक्षा और शिक्षा के प्रति गंभीर नहीं है : एजाज अहमद

**पटना।** बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के प्रवक्ता एजाज अहमद ने कहा कि बिहार के जनता की गाढ़ी कमाई का 226 करोड़ रूपया खर्च करके नीतीश कुमार महिला संवाद के नाम पर सिर्फ अपना चेहरा चमकाना चाहते हैं । डबल इंजन सरकार बिहार में महिलाओं के सुरक्षा, न्याय और शिक्षा के प्रति गंभीर नहीं है। जहां महिलाओं के साथ अत्याचार ,यौनाचार , वयभिचार और बालात्कार की घटनाओं में वृद्धि हुई है ,वही बच्चियों के उचच शिक्षा के लिए सुकन्या उत्थान योजना की राशि वर्ष 2021 से अब तक नहीं दी गई है। बिहार जहां मुजफ्फरपुर सेल्टर होम, गायघाट और पटेल नगर शेल्टर होम की घटनाओं शर्मसार महसूस कर रहा है वही अपराध अपराधियों पर कार्रवाई की दिशा में सरकार गंभीर नहीं है। सरकार का इकबाल समाप्त हो गया है।

जबकि तेजस्वी प्रसाद यादव कार्यकर्ता संवाद के माध्यम से आम लोगों का विश्वास और समर्थन प्राप्त कर रहे हैं।

श्री तेजस्वी प्रसाद यादव कार्यकताओं से संवाद करके डबल इंजन सरकार के कार्यों का आकलन कर रहे हैं तथा कार्यकताओं से विचारों का आदान-प्रदान कर संगठन को मजबूत बनाने पर भी कार्य कर रहे हैं ।

एजाज ने आगे कहा कि आमलोग स्पष्ट रूप से कह रहे हैं की बिहार में नफरत की राजनीति को समाप्त करके नौकरी और रोजगार परक राजनीति को



आयाम देकर बिहार से जो संदेश तेजस्वी जी ने दिया उसको देश स्तर पर स्वीकार्यता मिली है और हर वर्ग के लोग राष्ट्रीय जनता दल महागठबंधन के साथ खड़े हैं।

इन्होंने आगे कहा कि बिहार मे श्री लालू प्रसाद जी ने गंगा- जमुनी संस्कृति को मजबूती प्रदान की और मुसलमानों के हक और अधिकार तथा मान -सम्मान के लिए जो कार्य किया है यह बताने की आवश्यकता नहीं है, बल्कि इससे अल्पसंख्यक समाज अच्छी तरह से वाकिफ है। जहां लालू जी ने सत्ता में रहते हुए अल्पसंख्यक कल्याण मंत्रालय का गठन किया, वहीं अल्पसंख्यक आयोग को कानूनी मान्यता दी, उर्दू को रोजगार से जोड़ने का काम किया और 12500 उर्दू टीचरों की बहाली की और बीएससी के परीक्षा में उर्दू को लिपि के तौर पर शामिल कर- के बड़े पदों पर जैसे एसडीओ ,डीएसपी ,सीओ,बी डीओ और अन्य बड़े पदों पर मुस्लिम समाज को सुशोभित होने का मौका मिला ।इतना ही नहीं राजद ने कभी भी उन शक्तियों से समझौता नहीं किया जो देश में सांप्रदायिक उन्माद फैलाकर देश के भाईचारा को समाप्त करना चाहते हैं ,इसके लिए लालू प्रसाद जी और तेजस्वी जी ने सारी कठिनाइयां और झंझावात झेले, लेकिन उन लोगों के सामने कभी भी सत्ता और स्वार्थ के लिए समझौता नहीं किया जैसा की जदयू और नीतीश कुमार ने किया है। इतना ही नहीं भाजपा ने अपने आप को बिहार की राजनीति में बनाए रखने के लिए ही भरम और धर्म की राजनीति का सहारा ले रही है । जबकि बिहार के हरेक वर्ग और जाति का समर्थन और विश्वास तेजस्वी प्रसाद यादव के नेतृत्व को प्राप्त है और बिहार का नौजवान इस बात के प्रति संकल्पित है कि नौकरी और रोजगार तेजस्वी के नेतृत्व में ही मिल सकता है डबल इंजन सरकार में सिर्फ नफरत की राजनीति को बढ़ावा मिल रहा है।

# लोजपा (रामविलास) की जिलावार जिला कमीटी की समीक्षा बैठक होगी

**पटना।** बिहार लोजपा रा के प्रभारी सह जमुई सांसद श्री अरूण भारती जी, बिहार के चुनाव सह प्रभारी सांसद श्री राजेश वर्मा जी, बिहार सह संगठन प्रभारी श्री कुमार सौरभ जी, राष्ट्रीय प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी प्रभारी बिहार श्री धीरेन्द्र कुमार मुन्ना जी ,कार्यक्रम समन्वयक श्री अभिषेक सिंह जी की उपस्थिति में ज़िला लोजपा रा की बैठक होगी। बैठक में जिला का पुरी कमीटी , प्रखंड अध्यक्षों , सभी प्रकोष्ठों के ज़िला अध्यक्ष सहित पार्टी के संभावित उम्मीदवार भी उपस्थित रहेंगे। पुरे बिहार के सभी जिलों में यह कमीटी जा रहा है और अपना रिपोर्ट लोजपा रामविलास पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केन्द्रीय मंत्री आदरणीय चिराग पासवान जी को अपनी समीक्षा रिपोर्ट सौंपेगी। पार्टी की हालिया झारखंड में जीत के बाद वहाँ की कमीटी को बिहार का प्रभारी बनाया है। पार्टी की 100% स्ट्राइक रेट के बरकरार रखने की अपनी रणनीति बनाई जा रही है। पार्टी के प्रभारी संगठन के बूथ स्तर तक और प्रभावी बनाने की तथा उम्मीदवारों की जनता के साथ लगाव , ज़िले में उनकी स्वीकार्यता, पार्टी में उनके योगदान तथा जनता की सेवा में उनके द्वारा किया गया प्रयास को भी आधार बनाया जाएगा।

श्री अरूण भारती जी के नेतृत्व में बिहार विधानसभा में पार्टी के साथ साथ ठऊअ के घटक दलों को कैसे सहयोग दे कर सभी सीटों पर जीत हो यह भी उद्देश्य है। 2025 विधानसभा में सभी सीटों पर ठऊअ की जीत के साथ एक बार पुनः बिहार में श्री नीतीश कुमार जी को मुख्यमंत्री बनाकर बिहार को विकसित राज्य बनाने के संकल्प के साथ पार्टी देश के प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में विकसित भारत के महासंकल्प को चिराग पासवान ने पार्टी का मिशन बनाया है।

हर जिले में चिराग पासवान की महा संकल्प सभा भी आयोजित होगी। समीक्षा बैठक का निर्धारित कार्यक्रम ईस प्रकार है। 5 दिसंबर- गया, 6 दिसंबर- नवादा, नालंदा, 7 दिसंबर -जहानाबाद, अरवल, 10 दिसंबर -सीतामढ़ी, शिवहर, 11 दिसंबर - औरंगाबाद, रोहतास, 12 दिसंबर -कैमूर ,बक्सर मे होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### केन्द्र सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ 10 दिसंबर को सभी जिला मुख्यालयों में भाकपा करेगी विरोध प्रदर्शन

**पटना , (संवाददाता )।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव राम नरेश पाण्डेय ने आज यहाँ प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि भारतीय जनता पार्टी के कुशासन और बिगड़ती आर्थिक स्थिति, बढ़ती मंहगाई, बेरोजगारी, असमानता के साथ-साथ जी.डी.पी. में गिरावट, तथा अडानी ग्रुप ऑफ कंपनी के गलत धंधो की जाँच करने तथा दलाल पुँजीवाद को बढ़ावा देने में सरकार की भुमिका को बेनकाब करने के लिए संयुक्त संसदीय कमिटि (जे.पी.सी.) से जाँच कराने की माँग को लेकर विश्व मानवता दिवस के अवसर पर 10 दिसंबर, 2024 को भाकपा जिला मुख्यालयों पर प्रतिरोध दिवस और मांग दिवस मनायेगी।भाकपा राज्य सचिव ने संसद में मणिपुर के स्थिति पर व्यापक बहस कराने और आर्म्स फोर्सेस स्पेशल एक्ट (आफसा) की वापसी की मांग की।श्री पाण्डेय ने पार्टी के सभी जिला परिषदें से आहवान किया है कि अपने-अपने जिला में उपरोक्त माँगों को लेकर प्रर्दशन, धरना एवं पुतला दहन के कार्यक्रम को आयोजित कर प्रतिरोध एवं माँग दिवस मनाना सुनिश्चित करें।

### विशेष शिविर लगाकर मईयां सम्मान योजना का फॉर्म भरवाए हेमंत सरकार: बाबूलाल मरांडी

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने मईयां सम्मान योजना में व्याप्त लापरवाही की ओर आज हेमंत सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया। श्री मरांडी ने कहा कि पिछले दो दिनों से धनवार विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क अभियान के दौरान ग्रामीणों से संवाद कर रहा हूं ।इस दौरान धनवार प्रखंड के कोड़ाडीह, जगदीशपुर समेत एक दर्जन से भी ज्यादा अन्य गांवों की अधिसंख्य महिलाओं ने अपनी समस्याओं को साझा किया। अधिकांश महिलाओं ने बताया कि वे मंईयां सम्मान योजना के लाभ से वे अब तक वंचित हैं। कई पात्र महिलाओं के फॉर्म भरे ही नहीं गए हैं, जिसके कारण उन्हें योजना का कोई लाभ नहीं मिल पाया है। मंईयां योजना के भुगतान में भी भारी लापरवाही बरती जा रही है। कहा कि इसके अतिरिक्त, वृद्धा पेंशन और विधवा पेंशन भी कई महीनों से लंबित है। राशन वितरण में भी भारी अनियमितता की शिकायतें मिली हैं। कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी से अनुरोध है कि धनवार विधानसभा क्षेत्र समेत राज्य के दूसरे इलाकों में भी विशेष शिविर का आयोजन कर मंईयां सम्मान योजना से वंचित सभी महिलाओं के फॉर्म भरे जाएं और उन्हें योजना का भुगतान ससमय प्रदान किया जाए। कहा कि इसके साथ ही, लंबित पेंशन और राशन का अद्यतन भुगतान सुनिश्चित किया जाए ताकि महिलाओं को अपनी बुनियादी जरूरतों के लिए परेशान न होना पड़े। श्री मरांडी ने कहा कि इस काम में आपको जहाँ कहीं भी उनकी या भाजपा कार्यकताओं के सहयोग की जरूरत होगी तो हम सभी हाजिर रहेंगे।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने दी देवेंद्र फडणवीस को बधाई एवम शुभकामनाएं

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने श्री देवेंद्र फडणवीस जी को महाराष्ट्र भाजपा विधायक दल का नेता चुने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

उन्होंने कहा कि पूर्ण विश्वास है कि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में महाराष्ट्र को श्री फडणवीस विकास एवं उन्नति के शिखर पर ले जाएंगे। बधाई एवम शुभकामनाएं देने वालों में कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय,निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष एवम सांसद दीपक प्रकाश,क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह आदि शामिल हैं।

### चुनाव में फर्जी आधार कार्ड बनाने मे अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

**बेतिया ( संवाददाता)।** पश्चिम चंपारण जिला के ठकराहा प्रखंड अंतर्गत श्रीनगर थाना के श्रीनगर पंचायत में पैक्स चुनाव के दौरान सेक्टर मजिस्ट्रेट को सूचना प्राप्त हुआ कि गलत तरीके से मतदान कराने के लिए फर्जी आधार कार्ड बनाया जा रहा है। प्राप्त सूचना के आलोक में श्रीनगर थानाध्यक्ष एवं सेक्टर दंडाधिकारी द्वारा ग्राम श्रीनगर में सड़क किनारे एक झोंपड़ी में छापामारी किया गया, जिसमें तीन लैपटॉप, एक प्रिंटर,एक लेमिनेटर मशीन, दो फिंगर स्कैनर,एक मोबाइल,सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया का 25 ब्लैंक पासबुक,सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया का मुहर,सात नया आधार कार्ड एवं आधार कार्ड बनाने हेतु प्लेन कार्ड को बरामद किया गया ।उक्त प्रकरण में सेक्टर दंडाधिकारी द्वारा दिए गए आवेदन पर इठर के चुनाव से संबंधित सुसंगत धाराओं में अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर विधिक कारवाई की जा रही है।

### महायुति के नेता चयनित होने पर देवेंद्र फड़णवीस को कोटिश: बधाई: मंगल

**पटना।** स्वास्थ्य मंत्री श्री मंगल पाण्डेय ने महाराष्ट्र में महायुति के नेता व मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार चयनित होने पर देवेंद्र फडणवीस को कोटिशः बधाई दी है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में एक बार फिर यह प्रमाणित हुआ है कि एक है तो सेफ हैं और मोदी है तो मुमकीन है। श्री पाण्डेय ने कहा कि देवेंद्र फडणवीस के नेता चयन के साथ न केवल भाजपा सहित महायुति गठबंधन के दलों शिव सेना शिंदे व एनसीपी अजीत को मिले प्रचंड बहुमत को सम्मान मिला है बल्कि यह भी तय हो गया है कि अगले 5 साल तक महाराष्ट्र विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ेगा।

## भारत के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद को दी गई श्रद्धांजलि

**बोकारो।** भारत के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद की जयंती पर 3 दिसंबर को बोकारो स्टील प्लांट के निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी, अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) सुरेश रंगानी , राजन प्रसाद, अधिशासी निदेशक-प्रभारी (मानव संसाधन), अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन), राजश्री बनर्जी, अधिशासी निदेशक (माइंस) विकास मनवटी, अधिशासी निदेशक (सामग्री प्रबंधन) सी आर मिश्रा, मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ बी बी करुणामय (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएँ) एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने इस्पात भवन के समीपस्थ स्वर्गीय डॉ राजेन्द्र प्रसाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी.

बोकारो स्टील प्लांट के निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी ने इस मौके पर कहा कि डॉ राजेन्द्र प्रसाद के जीवन से प्रेरणा लेकर हम अपने समाज एवं देश को आगे ले जा सकते हैं.

## राष्ट्रीय प्रवक्ता श्रवण अग्रवाल के माता के निधन पर पशुपति पारस सहित पार्टी के नेताओं ने जताया शोक

**पटना , (संवाददाता)।** राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी एवं दलित सेना के राष्ट्रीय प्रवक्ता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्रवण कुमार अग्रवाल की माता सुमित्रा देवी का बुधवार को निधन हो गया। राष्ट्रीय प्रवक्ता अग्रवाल के माता के निधन से पार्टिजनों में शोक की लहर व्याप्त हो गयी। 82 वर्षिय सुमित्रा देवी ने अपने खगड़िया के पैतृक निवास में बुधवार को सुबह अंतिम सांस ली। उनके पुत्र श्रवण कुमार अग्रवाल ने बताया कि गुरुवार को खगड़िया के अघोरी घाट स्थान पर उनका अंतिम संस्कार होगा। अंतिम संस्कार में रालोजपा सहित अन्य दलों के नेता एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल होगे। स्वर्गीय सुमित्रा देवी अपने पुत्र श्रवण कुमार अग्रवाल सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ के गयी है। श्रवण अग्रवाल की माता के निधन पर रालोजपा एवं दलित सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व केन्द्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस, केन्द्रीय संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष पूर्व सांसद सूरजभान सिंह, पूर्व सांसद चंदन सिंह, विधान पार्षद भूषण कुमार, प्रदेश अध्यक्ष पूर्व सांसद प्रिंस राज पासवान, प्रधान महासचिव केशव सिंह, यशराज पासवान, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विरेश्वर सिंह,



दलित सेना के प्रदश अध्यक्ष घनश्याम दाहा, राष्ट्रीय महासचिव अम्बिका प्रसाद बीनू, प्रदेश उपाध्यक्ष रंजीत कुमार, दलित सेना के प्रधान महासचिव रंजीत पासवान, प्रदेश महासचिव प्रमोद सिंह, राष्ट्रीय महासचिव एलविस जोसेफ, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विनोद नागर, श्रमिक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष बिहारी, अध्यक्ष सहित पार्टी एवं दलित सेना के सभी नेताओं ने गहरा शोक प्रकट किया है एवं ईश्वर से सुमित्रा देवी के आत्मा के चीर शांति की प्रार्थना करते हुए, ईश्वर से उनको अपने श्रीचरणों में स्थान देने की कामना की।

## विकास के नाम पर बहुबाजार के आदिवासी मूलवासी दुकानदारो को उजाड़ा नही जाना चाहिए: विजय शंकर नायक

**रांची , (नवशक्ति )।** आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक प्रत्याशी विजय शंकर नायक ने कहा ।इन्होने यह भी कहा कि ऐसा नही है की बहुबाजार के दुकानदार लोग विकास विरोधी है ।इससे पहले 14 फिट दुकानदारो ने फ्लाई ओवर के निर्माण के लिए अपनी दुकान को तोड़कर भूमि दिया है ।अब पुनः 14 फिट दुकान एंव मकान तोडने की नापी कर मकान एंव दुकान को चिह्नित किया जा रहा है जिससे सभी दुकानदार एंव मकान मालिक सहमे तथा सदमे मे है । श्री नायक ने आगे कहा की जब ब्रीज चालु हो गया है तो फिर 1.25 कनेक्टिंग फ्लाई ओवर बनाने की क्या जरूरत है जब यातायात सुगम व्यवस्थित रूप से चल रहा फिर दुकानदारों को उजाड़ा जाना उचित नहीं है ' इन्होंने यह भी कहा कि एलएंडटी और जुडीको दोनो कम्पनी को कनेक्टिंग फ्लाई ओवर का काम



करने का आफर सरकार की ओर से किया गया था जिसे दोनो कम्पनी ने करने से मना कर दिया था क्योकि कनेक्टिंग फ्लाई ओवर अब बहुत मजबूत टिकाउ एंव सुरक्षित नही होगा । श्री नायक ने बहुबाजार दुकानदार लोगो द्वारा दिये गये धरना का आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच नैतिक रूप से समर्थन किया है और उनके किये जा रहे संघर्ष मे हमेसा साथ देगा ।

## सेल ने अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस मनाया

**निर्मल महाराज**

**बोकारो।** देश की महारत्न सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड ने 3 दिसंबर, को नई दिल्ली स्थित अपने कॉर्पोरेट ऑफिस में आयोजित एक कार्यक्रम में विभिन्न वर्गों के दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरित करके ह्यअंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवसह्न मनाया। कंपनी ने इस प्रमुख कार्यक्रम का आयोजन अपने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पहल के तहत आयोजित किया। सेल ने भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) के सहयोग से आयोजित इस पहल के तहत लाभार्थियों की गतिशीलता और संचार को बढ़ाने के लिए ट्राइसाइकिल, मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल, स्मार्ट केन, दृष्टिबाधित व्यक्तियों के लिए स्मार्टफोन और श्रवण यंत्र जैसे सहायक उपकरण वितरित किए। सेल ने दिव्यांगजनों को उपकरण देने का यह काम लगातार तीसरे साल किया है। इस साल इस कार्यक्रम के साथ चरणबद्ध वितरण अभियान की शुरूआत की गई है, जिसे आगे सेल के संयंत्रों और इकाइयों में भी आयोजित किया जाएगा। सेल अध्यक्ष अमरेंदु प्रकाश ने अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ इस कार्यक्रम की शुरूआत की और सामाजिक समावेशिता तथा दिव्यांग लोगों के मदद के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को दोहराया. इस अवसर पर सेल के अध्यक्ष अमरेंदु प्रकाश ने कहा, सेल में हम दिव्यांगजनों की अदम्य भावना को सलाम करते हैं। वे अद्वितीय शक्ति और दृढ़ संकल्प के प्रतीक हैं। हमेशा से सेल दिव्यांगजनों की मदद करती आई है और आगे भी करती रहेगी। सेल मौजूदा समय में, अपने संयंत्रों में दिव्यांगजनों के लिए विशेष सुविधाएं मुहैया करा रहा है, जिसमें राउरकेला में नेत्रहीन, बधिर और मानसिक रूप से विकलांग बच्चों के लिए स्कूल और 'होम एंड होप', बोकारो में 'आशालता केंद्र', दुगार्पुर में 'विकलांग उन्मुख शिक्षा कार्यक्रम' 'दुगार्पुर हैंडीकैप्ड हैप्पी होम' और बर्नपुर में 'चेशायर होम' शामिल हैं।

## 15 दिसम्बर को बीएसएल करेगा हैप्पी स्ट्रीट का शुभारम्भ

**बोकारो।** विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी बीएसएल के तत्वावधान में हैप्पी स्ट्रीट का आयोजन किया जाएगा. 15 दिसम्बर को सुबह 7 बजे इसका उदघाटन किया जाएगा जिस दौरान बीएसएल के वरीय अधिकारियों सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहेंगे. बीएसएल ने इस कार्यक्रम की तैयारी आरंभ कर दी है.एक्टिव बोकारो, हेल्दी बोकारो के थीम को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से किए जा रहे इस आयोजन में बोकारो के विभिन्न स्कूल, अन्य शिक्षण संस्थान, महिला समिति, संगीत कला अकादमी, सीआरपीएफ, सीआईएसएफ, रोटरी क्लब, लायंस क्लब, रोटरी क्लब ऑफ मिड टाउन कपल्स, पोस्टल फिलाटेली ग्रुप, एक्स सर्विसमैन एसोशिएशन सहित अन्य संस्थाएं इसमें शामिल होंगी. इसके अलावा सभी नगर वासी इस आयोजन में शामिल हो सकते हैं.

.

हैप्पी स्ट्रीट का मकसद लोगों को एक स्वस्थ जीवनशैली के लिए प्रेरित करना है जिसमें सांस्कृतिक और खेल गतिविधियों के विशेषज्ञ अपने प्रदर्शन से लोगों को स्वस्थ और सुखी जीवन के लिए प्रेरित करेंगे.

इसके लिए हॅप्पी स्ट्रीट में बोकारो मॉल मोड़ से गाँधी चौक तक लेन सुबह 7 बजे से 10 बजे तक आने वाले गाड़ियों के आवागमन के लिए अस्थायी रूप से बंद कर दी जाएगी. हैप्पी स्ट्रीट में बोकारो वासी एक्टिव बोकारो, हेल्दी बोकारो के आह्वान के तहत विभिन्न गतिविधियों का लाभ और आनंद उठा सकेंगे. हैप्पी स्ट्रीट कार्यक्रम का समापन सेल दिवस के अवसर पर 24 जनवरी 2025, को किया जायेगा.

## बीएसएल द्वारा दिव्यांगजनों के लिए बैटरी ऑपेरेटेड ट्राईसाइकिल का वितरण किया

**बोकारो।** बीएसएल के सीएसआर विभाग के तत्वावधान में भारतीय कृत्रिम अंग निगम (एलिम्को) के सहयोग से 3 दिसंबर को अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर आशालता विकलांग विकास केंद्र, बोकारो में दिव्यांगजनों के लिए बैटरी ऑपेरेटेड ट्राईसाइकिल वितरण शिविर का आयोजन किया गया.

वितरण शिविर के अवसर पर बीएसएल के निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी के साथ अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) सुरेश रंगानी, अधिशासी निदेशक-प्रभारी (मानव संसाधन) राजन प्रसाद , अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) राजश्री बनर्जी, मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ बी बी करुणामय, मुख्य महा प्रबंधक (नगर प्रशासन) कुंदन कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (तकनीकी) लक्ष्मी दास, आशालता दिव्यांग विकास केंद्र के निदेशक बी एस जयसवाल, एलिम्को के प्रतिनिधि नीतीश कुमार, महाप्रबंधक (सीएसआर) ए एस नंदी, वरीय प्रबंधक (सीएसआर) एन त्रिपाठी तथा बीएसएल एवं आशालता विकास केंद्र के अन्य अधिकारी उपस्थित थे.

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीएसएल के निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी ने अपने सम्बोधन में कहा कि हम सभी को दिव्यांगजनों के उत्थान तथा उनके जीवन को सरल और सहज बनाने और उन्हें समाज के मुख्य धारा में जोड़ने में अपना योगदान करना चाहिए. दिव्यांगजनों के विकास के लिए आशा लता केंद्र द्वारा किए जा रहे प्रयासों की भी उन्होंने सराहना की. वितरण शिविर के दौरान दिव्यांगजनों को निदेशक प्रभारी एवं अधिशासी निदेशकों द्वारा बैटरी ऑपेरेटेड ट्राईसाइकिल वितरित किए गए.

# निवेशकों के साथ प्रत्यक्ष संवाद एवम उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए उद्यमी पंचायत का सफल आयोजन

**पटना।** बिहार के उद्योग जगत और राज्य सरकार के बीच संवाद को सशक्त बनाने के उद्देश्य से आज पटना स्थित अधिवेशन भवन (पुराना सचिवालय) में मुख्य सचिव बिहार श्री अमृत लाल मीणा की अध्यक्षता में 'उद्यमी पंचायत' का सफल आयोजन हुआ। अपनी गरिमामयी उपस्थिति से उद्योग मंत्री श्री नीतीश मिश्रा ने मुख्य अतिथि के रूप में इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। साथ ही बिहार सरकार के विभिन्न विभागों के सचिवों और पटना स्थित प्रमुख उद्योग संघों जैसे- उक्क, क़उ, इकअ, और इउउकके अध्यक्षों ने इस कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

कार्यक्रम में शामिल निवेशकों ने अपने विचार, सुझाव और चुनौतियां साझा कीं। उद्यमियों ने राज्य में निवेश की प्रक्रिया को और अधिक सरल बनाने तथा औद्योगिक माहौल को मजबूत करने पर जोर दिया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री नीतीश मिश्रा ने कहा, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा देने के लिए हमारी सरकार पूर्ण रूप से समर्पित है। हमारी सरकार ने वर्तमान के साथ-साथ भविष्य को ध्यान में रखकर उद्योगों के अनुकूल कई नीतियां बनाई है। मुझे खुशी है कि उद्योग जगत को उनका लाभ मिल रहा है। आज के उद्योग पंचायत में मिले सुझाव पर सम्बंधित विभाग काम करेंगे जो हमें अपनी नीतियों को और



बेहतर करने और बिहार को इन्वेस्टर-फ्रेंडली बनाने में काफी मदद करेंगे। राज्य के चहुमुखी विकास और उद्योग के अनुकूल माहौल पर बात करते हुए मुख्य सचिव श्री अमृत लाल मीणा ने कहा, राज्य में उद्योग से सम्बंधित कई नीतियां हैं और सरकार का पूरा ध्यान उनको पूर्ण रूप से लागू करने और उसके अंतर्गत दिए जाने वाले लाभ उद्यमियों तक पहुंचने पर है। इसके अलावा इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट, जैसे समर्पित सड़क और रेल कॉरिडोर तथा हाइवेज, में बिहार अभूतपूर्व उन्नति कर रहा है, जो उद्योगों को अपने ऑपरेशन को बेहतर तरीके से संचालित करने में मदद कर रहे हैं। मुझे खुशी है कि उद्योग जगत राज्य सरकार की पर्यावरण के प्रति प्रतिबद्धता के अनुरूप काम कर रहा है और नेट-जीरो एमिशन के प्रति समर्पित है। श्रीमती वंदना प्रेयसी ने कहा, इस बार का उद्यमी पंचायत कुछ खास है। हमने इस कार्यक्रम में पहली बार सभी क्षेत्रों को एक मंच पर लाया, जिसे हम उद्यमी महापंचायत भी कह सकते हैं। हमने उनके लिए किए जा रहे विशेष प्रयासों से उनको अवगत कराया। बिहार अपने खास पहलों जैसे सिंगल विंडो क्लियरेंस की वजह से निवेशकों की पहली पसंद बन गया है। इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि 2016 से 2023-24 तक हमने 539 बिजनेस यूनिट्स को स्वीकृति दी है। मुख्य मंत्री उद्यमी योजना के तहत हम टरटए को सभी संभव मदद कर रहे हैं। कार्यक्रम में उपस्थित उद्योग जगत के प्रतिनिधियों ने राज्य सरकार के इस सकारात्मक प्रयास की सराहना की। 'उद्यमी पंचायत' के सफल आयोजन ने न केवल सरकार और उद्यमियों के बीच प्रत्यक्ष एवम् साकारात्मक संवाद स्थापित करने में एक सेतु का काम किया, बल्कि यह बिहार के चतुर्दिक विकास के लिए उद्योगों की भूमिका को और अधिक सशक्त तथा प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

# नीतीश कुमार ने आधी आबादी को विकास की मुख्यधारा से जोड़ाः श्रवण कुमार

●तेजस्वी की यात्रा बेअसर, उपचुनाव में जनता ने कर दिया सफायाः जयंत राज

●शेष सक्षमता परीक्षा पूरी होने के बाद सामान्य ट्रांसफर-पोस्टिंग नीति लागू होगीः सुनील कुमार

**पटना , (नवशक्ति) ।** जनता दल (यू.) प्रदेश कार्यालय, पटना में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, भवन निर्माण मंत्री जयंत राज और शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंचे आमजनों की समस्याओं से रूबरू हुए एवं उनके त्वरित निष्पादन हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर विधानपार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ ह्यगांधी जीह्ल एवं प्रो0 नवीन आर्य चंद्रवंशी मौजूद रहे। इस दौरान ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि नीतीश सरकार ने आधी आबादी को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा है। राज्य में 10 लाख 81 हजार से अधिक जीविका समूहों से जुड़कर 1 करोड़ 30 लाख से अधिक महिलायें सशक्त हुई है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को पंचायती राज और स्थानीय निकायों में 50 फीसदी आरक्षण दिया जा रहा है। साथी ही सभी सरकारी नौकरियों में महिलाओं के लिए 35 फीसदी आरक्षण का प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार महिला संवाद यात्रा के जरिए महिलाओं के लिए चल रही विकास योजनाओं का जायजा लेंगे। भवन निर्माण मंत्री श्री जयंत राज ने कहा कि अभी चार सीटों पर हुए विधानसभा उप-चुनाव में जनता ने विपक्ष का पूरी तरह से सफाया कर दिया। इससे स्पष्ट होता है कि नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव की यात्रा का आगे भी कोई राजनीतिक असर नहीं पड़ने वाला है। बिहार की जनता मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के विकासकार्यों से प्रभावित है और राजद के बहकावे में कोई नहीं आने वाला है। शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा कि जिन शिक्षकों के वेतन में कटौती हुआ है वो जांच के लिए पुनः अपना आवेदन दे सकते हैं, उन्हें घबराने की जरूरत नहीं है। आगे उन्होंने कहा कि वैसे शिक्षक जो गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं पीड़ित हैं और फिर विशेष परिस्थितियों को ध्यान में रखकर से ट्रांसफर-पोस्टिंग की प्रक्रिया शुरू की गई है। शेष सक्षमता परीक्षा पूरी होने के बाद सामान्य शिक्षकों के लिए सरल एवं उदार ट्रांसफर-पोस्टिंग नीति अमल में लाई जाएगी।



## राजपा ने मनाया पूर्व राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद की जन्म दिवस



**पटना।** राष्ट्रीय जनसंभावना पार्टी के राष्ट्रीय सह प्रदेश कार्यालय पटना में हमारे देश के पूर्व राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद की जन्म दिवस मनाई गई। इस मौके पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र सहनी ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इनका जन्म सिवान जिले के जीरादेई गांव में आज ही के दिन 3 दिसंबर 1884 को हुआ था। वे एक प्रतिभाशाली छात्र थे। उन्होंने कोलकाता विश्वविद्यालय से एम ए और कानून की डिग्री ली। सदैव प्रथम श्रेणी से पास होने वाले डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद मुजफ्फरपुर में एक कॉलेज में अध्यापक के रूप में काम किया। उन्होंने सन 1911 में वकालत शुरू की और 1920 में कोलकाता और पटना में वकालत किया। उसके बाद वकालत छोड़कर देश सेवा में लग गए। इनका झुकाव सदैव से ही राष्ट्र सेवा में था। सन 1917 में गांधी जी के सिद्धांतों और आदर्शों से प्रभावित होकर चंपारण के आंदोलन में सक्रिय भाग लिया तथा वकालत छोड़कर पूर्ण रूप से राष्ट्रीय स्वतंत्रता संग्राम में कूद पड़े।उनको अनेक बार उनको जेल भी जाना पड़ा और जेल की यातनाएं भी भुगतना पड़ा। उन्होंने विदेश जाकर भारत के पक्ष को विश्व के सम्मुख रखा। इनको भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के तीन बार सभापति और सन 1962 तक भारत के राष्ट्रपति रहे। सादा जीवन उच्च विचार इनका जीवन का मूल मंत्र था। इनको सन 1962 में भारत रत्न से अलंकृत किया गया। जीवनोंउपरांत हिंदी और हिंदुस्तान को सेवा करने वाले डॉ राजेंद्र प्रसाद की देहावसान 28 फरवरी सन 1963 में हो गया। इस मौके पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष संतोष चौहान, श्रवण पासवान, मिथिलेश पासवान, अरुण यादव, प्रभात वर्मा, सचिन सहनी, बिंदु साहनी, राम आशीष सहनी इत्यादि लोग उपस्थित थे।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल का जन्म दिवस मानस मंदिर में पूजा पाठ कर मनाया



**पटना।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं भूमि सुधार और राजस्व मंत्री डॉक्टर दिलीप जायसवाल का जन्म दिवस मानस मंदिर विजयनगर हनुमान नगर कंकड़बाग में पूजा पाठ कर मनाया गया भारतीय जनता पार्टी के राजनीतिक प्रतिपुष्टि एवं प्रतिक्रिया विभाग के प्रदेश संयोजक राजीव रंजन के नेतृत्व में मनाए गए जन्मदिन में भाजपा उपाध्यक्ष धीरेंद्र सिंह ने कहा कि माननीय डॉ दिलीप जायसवाल जी हमेशा स्वस्थ एवं दीर्घायु रहे और जनता की सेवा करते रहे इनके नेतृत्व में भाजपा एक नई ऊंचाई प्राप्त करेगी वही राजीव रंजन ने कहा कि माननीय भाजपा अध्यक्ष डॉ दिलीप जायसवाल के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी ने चारों विधानसभा उपचुनाव जीतकर 25 की रेखा तय कर दी है जिसमें एनडीए की सरकार बनना तय है उन्होंने भूमि सुधार एवं राजस्व विभाग में ईमानदारी एवं कर्मठता का उत्कृष्ट कार्य किया है जो आने वाले दिन में बिहार में मिल का पत्थर साबित होगा और पहली बार देवघर कांवरियों की पूरे देश से आए सेवा करने वाले का पांव पखार कर एक नया मानदंड स्थापित किया है इस अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ नेता सत्यपाल नरोत्तम किसान मोर्चा के वीरेंद्र कुमार राय वार्ड नंबर 45 के वार्ड प्रतिनिधि राजकुमार शिवदहीन यादव प्रशांत मिश्रा सहित कई गण्यमान्य लोग उपस्थित थे इस अवसर पर अत्यंत निर्धन परिवार के बीच लड्डू सहित कई अन्य प्रसाद भी वितरित किए गए।

## बिहार के प्रतिभाओं को अटल सम्मान से पुरस्कृत करेंगेः अश्विनी चौबे

**पटना, (नवशक्ति)।** अटल विचार परिषद के मुख्य संरक्षक पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे की अध्यक्षता में आगामी 25 दिसंबर 2024 को सनातन ध्वज वाहक भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय पंडित अटल बिहारी वाजपेई जी की 100 वीं जन्म शताब्दी वर्ष एवं महामना पंडित मदन मोहन मालवीय जी की 163वीं जन्मजयंती के लिए राज्य स्तरीय आयोजन हेतु आयोजन समिति गठन कर विभिन्न वैचारिक संगठनों की एक बैठक आज इस्कॉन मंदिर के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित हुआ जिसमें बिहार में विभिन्न क्षेत्र में कार्यरत लगभग 2 दर्जन संगठन के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।कार्यक्रम के संयोजक विश्व मानवाधिकार सुरक्षा आयोग के सदस्य डॉ. अर्जित शाश्वत चौबे ने बताया कि इस वर्ष अटल जी की जन्म शताब्दी वर्ष है जिसके लिए राज्य स्तर का समारोह आयोजित करने का निर्णय हुआ है। इस क्रम में राज्य भर के विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट कार्य कर रहे प्रतिभाओं को अटल सम्मान से सम्मानित किया जाएगा।



साथ ही राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त करने वाले प्रतिभाओं को अतिविशिष्ट अटल सेवा सम्मान से पुरस्कृत किया जाएगा। बिहार के हर जिलों के विद्यालयों में अटल जी पर आधारित चित्रकला, वाद विवाद, भाषण, कविता पाठ, अटल दौड़, साइकिल दौड़ आदि आयोजित की जाएगी जिसके बाद उन्हें पुरस्कृत किया जाएगा।

इसके साथ ही अटल जी की छाया चित्र का विश्व का सबसे बड़ा पोर्ट्रेट बनाकर विश्व रिकॉर्ड बनाने की भी योजना है। वहीं राष्ट्रीय कत्थक कलाकार हिमाचल की पूनम शर्मा एवं उनके दल द्वारा हार नहीं मानूंगा, रार नई ठानूंगा.. पर नृत्य नाटिका प्रस्तुत करेंगी। देश के कई नामचीन हस्तियों की भी इस कार्यक्रम में सम्मिलित होने की बात है जिसके लिए निरंतर आमंत्रण भेजा जा रहा है।

विभिन्न सामाजिक धार्मिक संगठनों के द्वारा राय दिया गया ताकि सफल कार्यक्रम संपन्न कराया जा सके। मुख्य रूप से बैठक में श्री राम कर्मभूमि न्यास के अध्यक्ष कृष्णकांत ओझा, महामंत्री अभिजीत कश्यप, उपाध्यक्ष रामबालक प्रसाद, न्यासी अनिल स्वामी, विनोद ओझा, सह संयोजक रजनीश तिवारी, भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रेमरंजन पटेल, संजीव मिश्रा, जितेंद्र मिश्रा परशुराम सेवा संघ के प्रदेश अध्यक्ष, नारायण चंद्रा परशुराम महासभा, राजेश वाजपेई, संयोजक हिन्दू जागरण मंच, ब्रजेश मिश्रा राष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा के कार्यकारी अध्यक्ष, आशुतोष झा संयोजक परशुराम सेवा संस्थान, मृत्युंजय झा अध्यक्ष विप्र संस्थान, भूमिहार ब्राह्मण सामाजिक फ्रंट के कार्यकारी अध्यक्ष सुधीर शर्मा, प्रबोध सिंह, परशुराम सेवा सहायता फेडरेशन के अध्यक्ष मनीष मिश्रा, आशुतोष पांडे, अजीत शुक्ला, बाढ़ से सत्यनारायण चतुर्वेदी, राजेंद्र तिवारी अध्यक्ष बहुभाषीय ब्राह्मण महासंघ, शुभम मिश्रा प्राच्य ज्योतिष संस्थान, विजय बर्धन पाण्डेय चिरांध विकास, धीरज पांडे, हरजीत सिंह गुरुद्वारा प्रबंध समिति, रामानुज तिवारी, नंदन पटेल आदि सैकड़ों प्रतिनिधि सम्मिलित थे।

### संक्षिप्त खबर

## बीसीए अध्यक्ष राकेश कुमार तिवारी ने वैभव सूर्यवंशी और भारतीय टीम को दी बधाई



**पटना।** बिहार क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) के अध्यक्ष राकेश कुमार तिवारी ने अंडर-19 एशिया कप क्रिकेट में बिहार के वैभव सूर्यवंशी को शानदार अर्धशतकीय पारी खेलने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

अध्यक्ष राकेश कुमार तिवारी ने कहा कि बिहार के इस लाल ने यूएई के खिलाफ खेले गए मैच में लाजवाब खेल दिखाया और भारतीय टीम को सेमीफाइनल में प्रवेश कराया। बिहार क्रिकेट एसोसिएशन वैभव सूर्यवंशी पूरी भारतीय टीम को इस उपलब्धि के लिए बधाई एवं शुभकामना देता है।

उन्होंने कहा कि एक या दो मैच से किसी भी खिलाड़ी की काबिलियत को नहीं परखा जा सकता है। पहले दो मैच में वैभव सूर्यवंशी जरूर असफल रहे पर यूएई के खिलाफ मैच में उन्होंने जो चौके व छक्कों की बरसात कर नाबाद 76 रन की जो पारी खेली है वह काबिलेतारीफ है। हम सभी बिहारवासी वैभव सूर्यवंशी के उज्ज्वल क्रिकेट कैरियर और आने वाले मैचों की शुभकामना देते हैं और यही कामना करते हैं कि भारतीय टीम एशिया कप अंडर-19 का खिताब जीत कर आये।

## खूब तेज भागे मन्दबुद्धि बच्चे, विशेष छात्रा शालिनी चुनी गई श्रेष्ठतम खिलाड़ी

**पटना , (संवाददाता )।** मन्दबुद्धि बच्चे आज खूब तेज भागे। विशेष छात्रा मेधा राज सबसे तेज भागी। इसलिए 'गेंद-संग्रह दौड़' में उसे प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। बुधवार को पाँच दिवसीय विश्व विकलांग दिवस समारोह के अंतर्गत बेउर स्थित इंडियन इंस्टिच्युट औफ हेल्थ एजुकेशन ऐंड रिसर्च में विशेष दिव्यांग बच्चों की खेल-कूद प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। विशेष विद्यालय 'आर्मी आशा स्कूल', दानापुर कैंट की छात्रा शालिनी को बालिका वर्ग में ओवर ऑल चैंपियन घोषित किया गया। बालक वर्ग में साहिल कुमार चुने गए सर्व श्रेष्ठ। 'गुब्बारा-विस्फोट दौड़' (बालक वर्ग) में साहिल कुमार को प्रथम स्थान, आद्विक यदुवंशी को दूसरा तथा रोहन कुमार को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। 'टौफी-दौड़' (बालक वर्ग) में प्रथम स्थान पुष्कर प्रियदर्शी को, द्वितीय स्थान दिव्यान रंजन तथा तीसरा स्थान कियान कृतिन को प्राप्त हुआ। 'गेंद-संग्रह दौड़' (बालिका वर्ग) में मेधा राज को प्रथम स्थान, शालिनी सिंह को दूसरा तथा सुदिति धर को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। 'डब्बे में गेंद फेंक प्रतियोगिता' में अनोखे लाल को प्रथम, आरूष सोनी को दूसरा तथा यशनील गौरव को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ।

विशेष बच्चों ने चित्रकला और नृत्य-संगीत में भी अपने कौशल का प्रदर्शन किया। पेंटिंग प्रतियोगिता (सीनियर) में प्रथम स्थान आरूष सोनी को, द्वितीय स्थान शालिनी सिंह को एवं तीसरा स्थान अनोखेलाल को प्राप्त हुआ। इसी प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में सुदिति धर को प्रथम,साहिल कुमार को द्वितीय तथा दिव्यान रंजन को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। नृत्य-प्रतियोगिता के वरीय वर्ग में प्रथम स्थान शालिनी सिंह को द्वितीय स्थान पुष्कर प्रियदर्शी तथा तृतीय स्थान सुदिति धर को प्राप्त हुआ।

# दलितों पर बढ़ते अत्याचार पर सरकार की उदासीनता चिंताजनकः आदित्य पासवान




**मुजफ्फरपुर।** बिहार के मुजफ्फरपुर जिले के कटरा प्रखंड के सैदपुर गांव , जजवार थाना क्षेत्र में 21 वर्षीय सोनू पासवान की निर्मम हत्या ने एक बार फिर से राज्य में दलित और महादलित समुदायों पर बढ़ते अत्याचार को उजागर कर दिया है। और स्थानीय प्रशासन जिस तरह से इस केस को दबाने का प्रयास कर रहा है वो गंभीर चिंताजनक है तथा इसकी जांच उच्चाधिकारियों के द्वारा कराकर भ्रष्ट अफसरों को दंडित किया जाना चाहिए । ये बातें बिहार कांग्रेस सेवादल (यंग ब्रिगेड)के अध्यक्ष आदित्य पासवान पत्रकारों से वातालर्प करके कहीं। प्राप्त जानकारी के अनुसार , सोनू पासवान के साथ मारपीट की गई और उसके बाद उसे करंट लगाकर जान से मार दिया गया । यह घटना न केवल एक अमानवीय कृत्य है , बल्कि राज्य में जातीय भेदभाव और सामंती सोच के बढ़ते प्रभाव का जीता-जागता उदाहरण भी है। यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि वर्तमान सरकार इन घटनाओं पर सख्त कदम उठाने में असफल रही है और लगातार दलित और महादलित समुदायों को निशाना बनाया जा रहा है लेकिन अपराधियों के खिलाफ ठोस कार्रवाई न होने से उनकी हिम्मत और बढ़ती जा रही है ।अगर समय रहते सरकार ने ऐसे मामलों पर सख्ती नहीं दिखाई , तो आने वाले समय में यह जातीय संघर्ष और विकराल रूप धारण कर सकता है । हम सरकार से मांग करते हैं:1. सोनू पासवान की हत्या के दोषियों को तुरंत गिरफ्तार कर कठोरतम सजा दी जाए ।2. दलित और महादलित समुदायों की सुरक्षा के लिए विशेष कदम उठाए जाएं ।3. जातीय भेदभाव और हिंसा रोकने के लिए प्रभावी योजनाएं लागू की जाएं ।4. पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा और सुरक्षा प्रदान की जाए ।5. उच्चस्तरीय जांच कमिटी का गठन करके सच्चाई जनता के सामने लाया जाया और इस केस को जिन लोगों ने भी दबाने का प्रयास किया है उन्हें चिन्हित करके दंडित किया जाए यह समय है कि सरकार अपनी जिम्मेदारी निभाए और ऐसी घटनाओं पर रोक लगाने के लिए कड़े कदम उठाए और हम समाज के सभी जागरूक नागरिकों से अपील करते हैं कि वे इस मुद्दे पर अपनी आवाज बुलंद करें और पीड़ितों के लिए न्याय की मांग करें।

## कैट के तत्वाधान में व्यापारी महासम्मेलन का आयोजन 22 दिसम्बर कोः अशोक

**पटना , (संवाददाता)।** कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) बिहार का वाट्स अप से व्यापार का महासम्मेलन सासाराम रोहतास के सत्यम पैलेस में 22 दिसंबर रविवार को आयोजन होगा जिसमें कैट के राष्ट्रीय सचिन सह सांसद प्रवीण खंडेलवाल, एआईजेजीएफ राष्ट्रीय अध्यक्ष पंकज अरोड़ा व प्रदेश अध्यक्ष अशोक कुमार वर्मा सहित कई पदाधिकारी शामिल होंगे इसकी जानकारी देते हुए कैट के रोहतास जिला प्रभारी पुनीत अग्रवाल ने बताया कि 22 दिसंबर को सत्यम पैलेस में व्यवसाय संगठन कैट के तत्वावधान में व्यापारी महासम्मेलन का आयोजन किया जाएगा जिसमें हजारों की संख्या में व्यापारी शामिल होंगे।

इस महासम्मेलन में व्यवसाईयों को व्यवसाय करने की नई तकनीकी और तरीके बताए जाएंगे व्हाट्स एप के माध्यम से अपना व्यवसाय को कैसे बढ़ाए बताया जाएगा इसके अलावा व्यापारियों को कई तरीके बताए जाएंगे जिससे वह अपने व्यवसाय को और आगे बढ़ा सके साथ ही उनके व्यापार पर विस्तृत चर्चा भी होगी। इस सम्मेलन की तैयारी जोर शोर से शुरू कर दी गई है ।साथ ही टेक्सटाइल महाकुंभ का भी आयोजन होगा जिसमें देश के प्रसिद्ध 130 टेक्सटाइल कंपनियां अपने उत्पाद के साथ भाग लेंगी जहां एक ही जगह इन कंपनियों के साड़ी सूट लहंगा रेडीमेड कपड़े कटपीस कपड़े सहित अन्य कपड़े की प्रदर्शनी भी लगेगी जहां व्यवसायी कपड़ा पसंद कर यहीं से ऑर्डर देकर कपड़ा मंगा सकते हैं इससे उनको एक ही छत के नीचे 130 कंपनियों के उत्पाद को देखने का और आर्डर का लाभ मिलेगा इससे उन्हें बाहर खरीदारी के लिए जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी कार्यक्रम की भव्यता को देखते हुए अभी से ही तैयारी जोर-जोर से शुरू कर दी गई है।

## बिहार को वाटर ट्रांसवर्सैलिटी ग्लोबल अवार्ड, 2024 से किया गया सम्मानित : संजय कुमार अग्रवाल

**पटना , (नवशक्ति)।** कृषि विभाग के सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने बताया कि 06 दिसम्बर को नई दिल्ली में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में इंडिया वाटर फाउंडेशन संस्थान द्वारा जलवायु अनुकूल कृषि कार्यक्रम के लिए बिहार को वाटर ट्रांसवर्सैलिटी ग्लोबल अवार्ड, 2024 से सम्मानित किया जायेगा। यह बिहार राज्य के लिए एक गर्व की बात है। श्री अग्रवाल ने बताया कि माननीय मुख्यमंत्री जी की पहल से बिहार के सभी जिलों के 05-05 गाँवों में जलवायु अनुकूल कृषि कार्यक्रम का क्रियान्वयन बोरलॉग इंस्टीच्यूट फॉर साऊथ एशिया (बीसा), बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर, भागलपुर, डॉ॰ राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा, समस्तीपुर तथा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद्, पटना के सहयोग से किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जलवायु अनुकूल प्रावैधिकियों का उपयोग कर जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए राज्य के छोटे एवं सीमान्त किसानों को सशक्त बनाना है। जलवायु अनुकूल कृषि कार्यक्रम में छोटे एवं सीमान्त किसानों को कृषि के क्षेत्र में किये जा रहे नये अनुसंधान तथा तकनीकियों यथा फसल चक्र में सही फसलों के चुनाव, जीरो टिलेज, रेज्ड बेड विधि, फसल अवशेष प्रबंधन आदि का समावेश करने से न केवल ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन को कम किया गया, बल्कि किसानों की अतिरिक्त आमदनी भी बढ़ गई।

# पटना पहुंची 20 सदस्य महिला राफ्टिंग टीम को मंत्री नितिन नवीन ने किया सम्मानित




**पटना।** आज दिनांक 4 दिसंबर को बिहार के नगर विकास एवं आवास मंत्री माननीय श्री नितिन नवीन जी द्वारा महिला गंगा रिवर राफ्टिग की टीम का स्वागत किया गया। पटना के एनआईटी घाट पर BSF और NMCG द्वारा आयोजित आजादी का अमृतकाल कार्यक्रम में माननीय मंत्री जी के साथ इरत्नृ IG, NMCG IZY DDC, पटना सिटी रढ, नमामि गंगे के अधिकारी समेत कई ठऊअ कैंडिडेट उपस्थित रहे।

वहीं, कार्यक्रम को संबोधित करते हुए माननीय मंत्री जी ने कहा कि आज बेहद ही खास दिन है। मुझे आज नमामि गंगे और महिला सशक्तिकरण के संगम को देखकर बेहद खुशी हो रही है। जिस तरह से हमारे देश की बेटियां राफ्टिग पर निकलकर लोगों को गंगा को स्वच्छ रखने के लिए प्रोत्साहित कर रही है, ये बेहद ही काबिले तारीफ है।

माननीय मंत्री जी ने कहा कि मैं महिला राफ्टिंग टीम के जज्बे को नमः करता हूँ। इन्हें देख कर यह बात प्रमाणित होती है कि हमारी बेटियां एक बार जो संकल्प ठान लेती है तो उसे पूरा करके ही रहती है। कहते है कि जब आपकी यात्रा में भक्ति भाव शामिल हो जाता है तो वो तीर्थ यात्रा बन जाता है, ऐसे में इन बहनों द्वारा की जा रही यात्रा किसी तीर्थयात्रा से कम नहीं। बात स्वच्छता की हो या देश के कल्याण की अगर हम महिलाओं को मुख्य पंक्ति में खड़ा कर देंगे तो हर कार्य सफल होना निश्चित है। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी पर भरोसा कर पूरे देशवाशियों ने गंगा को स्वच्छ रखने का संकल्प ले लिया है।

नव शक्ति समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री को मौलिक समझकर छापा जाता है। अतः कॉपीराइट संबंधी कोई कार्रवाई संपादक, प्रकाशन एवं मुद्रक पर नहीं की जा सकती है। दावा करने वाले रचनाकार और चित्रकार से संपर्क करें। समस्त विवादों का निपटारा पटना उच्च न्यायालय क्षेत्रान्तर्गत होगा। प्रधान कार्यालयः कृष्णा मार्केट, पहला तल्ला, निकट हड़ताली मोड़ पश्चिमी बोरिंग कैनाल रोड, पटना-800023 संपादक प्रकाशक - मुद्रक एवं स्वामीः जयप्रकाश चौधरी, कृष्णा मार्केट, पहला तल्ला, निकट हड़ताली मोड़, पश्चिमी बोरिंग कैनाल रोड, पटना द्वारा एसेन कम्प्यूटर, डा.एनी बेसेन्ट रोड, पटना-4 से मुद्रित। सम्पर्क नम्बरः 9473032029, 9939472461 ईमेल- navshakti2010@gmail.com RNI- BIHHIN/2012/43368

# ऑपरेशन प्रहारः नालंदा साइबर सेल की सख्ती से तीन साइबर ठग गिरफ्तार



आर संतोष भारती

कतरीसराय(नालंदा)(नवशक्ति)। साइबर ठगी के मामलों पर नालंदा साइबर सेल का विशेष अभियान ₹ऑपरेशन प्रहार₹ जिले में जोर-शोर से चल रहा है। इसका उद्देश्य भोले-भाले लोगों को ऑनलाइन ठगी से बचाना और अपराधियों पर सख्ती से कार्रवाई करना है। इस अभियान के तहत, स्थानीय थाना क्षेत्र के बिलारी और बरीठ गांव से तीन साइबर ठगों को गिरफ्तार किया गया है।

गिरफ्तार किए गए ठगों में बरीठ गांव निवासी कपिल पंडित का 19 वर्षीय पुत्र संकित कुमार तथा बिलारी गांव के दो सगे भाई 22 वर्षीय प्रदीप कुमार और 19 वर्षीय संदीप कुमार (पिताः गोरे लाल रविदास) शामिल हैं। इनके पास से 13 मोबाइल फोन, 2 डेबिट कार्ड, 2 पासबुक, और 1 लैपटॉप बरामद किया गया है।

थानाध्यक्ष सत्यम तिवारी ने बताया कि प्रदीप कुमार पूर्व में भी साइबर ठगी के आरोप में जेल जा चुका है और जमानत पर रिहा होने के बाद दोबारा इस अपराध में संलिप्त हो गया था। नालंदा साइबर सेल ने मोबाइल लोकेशन ट्रैक करते हुए ठगों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया। इस कार्रवाई में एसआई अमरेन्द्र कुमार, एएसआई सद्दाम हुसैन खां, और एएसआई विकास कुमार की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

साइबर ठगी पर नियंत्रण के लिए ₹ऑपरेशन प्रहार₹ अभियान लोगों में विश्वास बहाल करने का एक बड़ा प्रयास है। पुलिस और साइबर सेल की सामूहिक कार्रवाई से इस प्रकार के अपराधों पर प्रभावी रोक लगाने की उम्मीद की जा रही है।

साइबर अपराधियों के खिलाफ की गई यह सख्त कार्रवाई न केवल प्रशासन की तत्परता को दर्शाती है, बल्कि यह अपराधियों के लिए चेतावनी भी है कि अब उनके लिए कानून से बचना आसान नहीं होगा।

# बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हो रहे अत्याचार के विरोध में धरना प्रदर्शन



**जहानाबाद।** राष्ट्रीय भारतीय समाज ने शहर के अरवल मोड़ पर बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ एक दिवसीय धरने का आयोजन किया। जिसमें सैकड़ों लोगों ने भाग लिया और बांग्लादेश सरकार की निंदा की। इस मौके पर अजीत कुमार ने कहा कि बांग्लादेश में लगातार अल्पसंख्यकों पर अत्याचार हो रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि वहां की सरकार निरंकुश हो चुकी है और अल्पसंख्यक समुदाय पर लगातार जुल्म ढा रही है। अजीत कुमार ने यह भी कहा कि बांग्लादेश के निर्माण में भारत का अहम योगदान रहा है, लेकिन आज वही देश भारत के पड़ोस में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों के खिलाफ जुल्मों का समर्थन कर रहा है। उन्होंने बताया कि बांग्लादेश में साधु-महात्माओं को पकड़कर जेल में डाला जा रहा है, जो लोकतंत्र और मानवाधिकार के खिलाफ है। धरने के बाद सभी प्रदर्शनकारी जिला पदाधिकारी से मिलकर राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंपेंगे। इस ज्ञापन में बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों को तत्काल रोकने की मांग की गई है।

साथ ही यह भी कहा गया है कि यदि बांग्लादेश सरकार ने इन अत्याचारों को रोकने में असफलता दिखाई, तो भारत सरकार को बांग्लादेश से होने वाले निर्यात पर प्रतिबंध लगाने की मांग की गई है, ताकि बांग्लादेश को सख्त संदेश दिया जा सके। अजीत कुमार ने यह भी कहा कि वर्तमान बांग्लादेश सरकार के कृत्य लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इस सरकार ने लोकतंत्र का गला घोंटकर सत्ता पर कब्जा कर लिया है, और अब वह लगातार नागरिकों पर अत्याचार कर रही है। प्रदर्शनकारियों ने सरकार से आग्रह किया कि बांग्लादेश की सत्ता को सख्त सजा दी जाए।ताकि वहां के लोग और विशेषकर हिंदू समुदाय को न्याय मिल सके।

## 10 मीटर एयर राइफल की प्रतियोगिता शुरू , बंगाल के राय प्रथम स्थान पर बढ़त



**हरनौत (नालंदा )(नवशक्ति)।** कल्याण विगहा इंडोर शूटिंग रेंज में 26 वीं ऑल इंडिया कुमार सुरेंद्र सिंह इंटर स्कूल शूटिंग चैंपियनशिप 2024 चल रहा है । जिसमें बुधवार से 10 मीटर एयर राइफल की प्रतियोगिता शुरू हुई।इसमें देश के विभिन्न राज्यों से निशानेबाज टारगेट पर निशाना 6 दिसंबर तक लगाएंगे । वहीं इस प्रतियोगिता के पहले दिन( 10 मीटर एयर राइफल )में एनआर में पश्चिम बंगाल के संदतरा राय ने 654 में 626.3 का स्कोर बना कर पहले स्थान पर बढ़त बनाए हुए हैं। वहीं गुजरात के सिद्धी कलेप्स पटेल 654 में 621.9 लाकर दूसरे स्थान पर जबकि उत्तर प्रदेश के भवीन जीत 654 में 621.3 स्कोर लाकर तृतीय स्थान पर बढ़त बनाए हुए हैं।सभी निशानेबाज आईएसएसएफ( इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट्स फेडरेशन) के है। 6 दिसंबर को प्राइज डिस्ट्रीब्यूशन किया जाएगा ।मौके पर ऑर्गनाइजर सेक्रेटरी सह प्रशिक्षक कौशल नौगरैया , प्रतियोगिता के डायरेक्टर सह बीएसआरए के सचिव कुमार त्रिपुरारी सिंह , मुख्य निर्णायक सह बीएसआरए के उपाध्यक्ष गया प्रसाद , मुख्य रेंज अधिकारी रितु राज भगवती , रेंज अधिकारी प्रियांशी गुप्ता , ओम प्रकाश पुष्पकर व मातीश , तकनीकी विशेषज्ञ अंजन सिंह , स्वीस ऑपरेटर अशोक कुमार समेत अन्य मौजूद थे।

## डैफोडिल पब्लिक स्कूल में होगी बाल वैज्ञानिकों की प्रतिभा का प्रदर्शन



**संजय कुमार/बिहारशरीफ(नवशक्ति)।** बिहार बाल विज्ञान शोध 2024 के तहत जिलास्तरीय परियोजना प्रस्तुतीकरण एवं विज्ञान सम्मेलन तथा 52वीं जिलास्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी 9 दिसंबर 2024 को डैफोडिल पब्लिक स्कूल, मंगला स्थान, बिहारशरीफ में आयोजित की जाएगी। यह जानकारी मंगलवार को प्रेस वार्ता के दौरान कार्यक्रम समन्वयक शैलेन्द्र प्रसाद और डैफोडिल पब्लिक स्कूल के निदेशक डॉ. रवि चंद कुमार ने दी। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को अपनी विज्ञान परियोजनाओं को प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा, जो उनकी प्रतिभा और रुचि को बढ़ावा देगा। इस आयोजन का उद्देश्य छात्रों को विज्ञान के प्रति प्रेरित करना और उनकी रचनात्मक सोच को विकसित करना है। कार्यक्रम में सतत भविष्य के लिए जल संरक्षण, समृद्ध जैव विविधता, फसल उत्पादन, जलवायु परिवर्तन और उत्पादकता पर प्रभाव, खाद्य स्वास्थ्य और स्वच्छता, परिवहन व संचार, प्राकृतिक खेती, आपदा प्रबंधन, कचरा प्रबंधन और संसाधन प्रबंधन जैसे विषयों को शामिल किया गया है। डॉ. रवि चंद कुमार ने बताया कि यह प्रदर्शनी छात्रों की वैज्ञानिक सोच को प्रोत्साहित करने और उन्हें नवाचार के प्रति प्रेरित करने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम बच्चों को न केवल शिक्षा के क्षेत्र में बल्कि उनके संपूर्ण व्यक्तित्व विकास में भी सहायता करेगा। प्रदर्शनी के दौरान जिले के विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राएं अपने प्रोजेक्ट प्रस्तुत करेंगे। इसके अलावा, जिले के शिक्षाविद, वैज्ञानिक और गणमान्य अतिथि छात्रों को प्रोत्साहित करने और मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए उपस्थित रहेंगे।

## अंकुरी दरगाह पर अतिक्रमण, वक्फ बोर्ड ने प्रशासन से लगाई गुहार

**इस्लामपुर(नालंदा)(नवशक्ति)।** खुदागंज थाना क्षेत्र के अंकुरी बाजार में स्थित अंकुरी दरगाह की सुरक्षा पर संकट मंडराने लगा है। यह दरगाह, जिसका खाता संख्या 1333, प्लॉट संख्या 12472, थाना संख्या 137, और मौजा महमूदा के सर्वे खतियान में कब्रिस्तान के रूप में दर्ज है, बिहार राज्य सुन्नी वक्फ बोर्ड से पंजीकृत (नंबर 25 6913) है। 3 दिसंबर 2024, मंगलवार को, कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा दरगाह की बाउंड्री दीवार तोड़कर ट्रैक्टर से बालू ले जाने की घटना सामने आई। इस घटना की सूचना वक्फ के मुतवल्ली जावेद आलम को मिली, जिन्होंने तत्काल खुदागंज थानाध्यक्ष को लिखित शिकायत दी। थानाध्यक्ष ने मामले पर कार्रवाई का भरोसा दिलाया है। वक्फ के सचिव जावेद आलम ने बताया कि दरगाह के आसपास अल्पसंख्यक समुदाय के लोग नहीं रहते हैं, जिससे दरगाह पर किसी बड़े नुकसान की आशंका बनी रहती है। उन्होंने पुलिस और प्रशासन से अपील की है कि असामाजिक तत्वों पर जल्द से जल्द कार्रवाई कर दरगाह की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। प्रमुख मांगेंः1. दरगाह की बाउंड्री दीवार को पुनः निर्माण कराया जाए। 2. असामाजिक तत्वों पर कठोर कार्रवाई हो। 3. दरगाह की सुरक्षा के लिए स्थायी व्यवस्था की जाए। वक्फ बोर्ड ने मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन से त्वरित कदम उठाने की अपील की है।

# बिहारशरीफ में विकास कार्यों का उद्घाटन, ग्रामीण विकास मंत्री ने दी बड़ी घोषणाएं



**बिहारशरीफ(नवशक्ति)।** बिहार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि राज्य सरकार हर क्षेत्र और वर्ग के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। मंत्री ने यह बातें बिहारशरीफ नगर निगम के वार्ड संख्या 47 खरजम्मा में 4 लाख की लागत से नवनिर्मित ईंट सोलिंग और पीसीसी ढलाई कार्य का उद्घाटन करते हुए कहीं।

उन्होंने कहा कि सरकार बिना किसी भेदभाव के विकास कार्यों को आगे बढ़ा रही है। शहरों के साथ गांवों का चहुमुखी विकास किया जा रहा है, और सभी योजनाओं का लाभ हर वर्ग को समान रूप से दिया जा रहा है।

**आवास योजना में प्रगति पर जोरः** मंत्री श्रवण कुमार ने बताया कि बिहार में 1 लाख 3 हजार अधूरे आवास योजना के निर्माण को वर्ष 2025 तक पूरा कर लिया जाएगा। इसके लिए योजनाओं को जीविका से जोड़कर तेजी से काम करने के निर्देश दिए गए हैं।

**पेपर लीक मामले पर सरकार गंभीरः** पेपर लीक मामले पर उन्होंने कहा कि बिहार सरकार इस मुद्दे को गंभीरता से ले रही है और दोषियों के खिलाफ कानून के तहत सख्त कार्रवाई की जा रही है।

**उद्घाटन कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्यः** इस अवसर पर जदयू के प्रखंड अध्यक्ष संजय कुशवाहा, नगर अध्यक्ष गुलरेज अंसारी, प्रवक्ता धनंजय देव, पूर्व मुखिया युगल किशोर प्रसाद, मुखिया प्रमोद यादव, जदयू नेता दिवाकर कुमार, आकाश कुमार काजल, उपेंद्र कुमार दिलवाला, विश्वास सिंह, मंटू कुशवाहा, रंजीत चौधरी, डीपीएस कुशवाहा, शशिभूषण प्रसाद, धनपत पासवान, रामजन्म रविदास, इंदू चौहान, राम लखन प्रसाद, पैक्स अध्यक्ष सूर्यकांत मंडल, राजेंद्र मुखिया, शिवशंकर प्रसाद रविकुमार उर्फ कैलु जी, प्रदीप कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## जयंती पर याद किये गए प्रथम राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद तथा अमर शहीद खुदीराम बोस



**जहानाबाद।** राजेंद्र जिला पुस्तकालय में अमर शहीद खुदीराम बोस तथा भारत के प्रथम राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद को उनकी जयंती पर याद किया गया। शहर के राजेंद्र जिला पुस्तकालय में आयोजित एक सादे समारोह में दोनो के तस्वीरो पर माल्यार्पण किया गया ।पुस्तकालय के सचिव संतोष श्रीवास्तव के अध्यक्षता मे आयोजित कार्यक्रम में शिक्षाविद डा एस के सुनील के साथ पुस्तकालय के छात्र -छात्रा उपस्थित थे। पुस्तकालय के सचिव संतोष श्रीवास्तव ने उपस्थित छात्र -छात्राओ को राजेंद्र प्रसाद के अनुरूप अपना चरित्र निर्माण कि बात कही ।सभी पुस्तकालय सदस्य के बीच निबंध तथा वाद -विवाद प्रतियोगिता करना भी तय किया गया। इस प्रतियोगिता के विजेता को पुरस्कृत किया जायेगा। उपस्थित छात्र-छात्राओ ने भी दोनो महापुरुषो के जीवन पर आधारित स्मरण सुनाया।

## प्लास्टिक कचरे को नदियों में न डालने का किया गया अपील



**जहानाबाद।** जिला पदाधिकारी सह अध्यक्ष जिला गंगा समिति के निदेशानुसार मोदनगंज प्रखंड के फल्गु नदी स्थित झुनकी घाट बंधुगंज एवं फल्गु नदी हुलासगंज कैरबा वार्ड नंबर 4 नदी के किनारे साफ सफाई को लेकर अपर समाहर्ता, विभागीय जांच श्री विनय कुमार सिंह, जिला परियोजना पदाधिकारी नमामि गंगे श्री अमित कुमार तथा जिला गंगा सुरक्षा समिति के नामित सदस्य सह खनन निरीक्षक के द्वारा विभिन्न घाटों का निरीक्षण किया गया तथा आसपास के लोगों को नदी में कचडा न फेंकने के लिए प्रोत्साहित किया गया । गंगा और उसकी सहायक नदियों में प्रबंधन एवं प्रदूषण उपशमन में लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु जिला स्तर पर एक तंत्र स्थापित करने के लिये गंगा नदी बेसिन पर स्थित जिलों में ह्यजिला गंगा समितियों का गठन किया गया है। उसी क्रम में समिति के सदस्यों द्वारा गयाघाट किनारे स्थित मंदिर पुजारी से भी अनुरोध किया गया कि किसी भी समारोह/आयोजन या अनुष्ठान करने वाले व्यक्ति को यह आवश्यक रूप से निर्देश दें कि किसी भी प्रकार का कचरा, गंदगी नदी के आसपास ना फैलाएं।

ऐसे करने वाले व्यक्तियों को चिन्हित कर जिला प्रशासन को नाम देने के लिए कहा गया। ऐसे व्यक्ति का नाम आने पर जिला प्रशासन के तरफ से आवश्यक एवं कठोर कार्रवाई की जाएगी। नमामि गंगे कार्यक्रम एक एकीकृत संरक्षण मिशन है, जिसके अंतर्गत प्रदूषण के प्रभावी उन्मूलन और नदियों के संरक्षण एवं कायाकल्प के दोहरे उद्देश्यों को पूरा किया जा सके। गंगा सुरक्षा समिति का मुख्य उद्देश्य नदियों की स्वच्छता तथा तरलता तथा किसी भी नदी में गंदगी/कचड़ा नहीं डालना से संबंधी जागरूकता फैलाना है। अपर समाहर्ता, विभागीय जांच श्री विनय कुमार सिंह द्वारा लोगों से अपील किया गया कि नदियों में कचड़ा नहीं डालें।नदियाँ मानव सभ्यताओं की रीढ़ हैं। प्लास्टिक कचरे को भूलकर भी नहीं डालें।

# ईशा कंप्यूटर जोन में छात्र-छात्राओं के बीच बांटा गया कंप्यूटर का प्रमाण पत्र



**जहानाबाद।** भारत सरकार द्वारा संचालित राष्ट्रीय उर्दू भाषा विकास परिषद और नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी, सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित पंजतन फाउंडेशन,सह ईशा कंप्यूटर जोन जहानाबाद में आज छात्र-छात्राओं को कंप्यूटर और उर्दू डिप्लोमा का सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। इस मौके पर संस्था के सचिव सैयद मुशर्रफ ईमाम ने कहा कि आज के दौर में कंप्यूटर बेहद जरूरी है इसके बिना शिक्षा अधूरी है और सरकार द्वारा जिसमें कंप्यूटर और उर्दू का एक साल की ट्रेनिंग बच्चों को टेक्निकल शिक्षा से जोड़ती है इस कोर्स का सर्टिफिकेट प्राप्त करने के बाद बच्चे किसी भी संस्थान में बेहतर तरीके से अपने कामों को कर सकते हैं। इस सर्टिफिकेट का सरकारी और गैर सरकारी सभी संस्थाओं में देखकर बच्चे अपने भविष्य को उज्वल बना सकते हैं।

वही बच्चों को प्रशिक्षण देने वाले शिक्षक विनीत शेखर ने कहा की आप जितनी मेहनत और लगन से इस कोर्स को किया है इसे निरंतर अपने इस्तेमाल में लाते रहे और जॉब ओरिएंटेड स्कोर्स का फायदा उठाएं। इस मौके पर शिक्षक सुहेल अहमद,खुर्शीद अहमद,अनू कुमारी,सदफ परवीन और जसीम अख्तर सहित दर्जनों छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

# गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से उज्जवल भविष्य की ओरः महाबोधि कॉलेज में स्वागत समारोह आयोजित

**प्रेम कुमार**

**बिहारशरीफ(नवशक्ति)।** महाबोधि कॉलेज में मंगलवार को आयोजित स्वागत-सम्मान समारोह में ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने कहा कि आज के दौर में हर क्षेत्र में प्रतियोगिता बढ़ गई है। ऐसे में युवा न केवल अपनी पढ़ाई-लिखाई पर ध्यान दें, बल्कि अपनी कला और प्रतिभा का भी प्रदर्शन करें। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे हर क्षेत्र में अपना करियर बनाने के लिए सतत प्रयासरत रहें।

मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि यह कार्यक्रम विशेष है, क्योंकि इसमें दो विश्वविद्यालयों के कुलपति और शिक्षा विभाग की पूर्व निदेशक शामिल हुईं। उन्होंने छात्रों से इन अनुभवी व्यक्तियों के विचारों और अनुभवों से सीखने की अपील की। कार्यक्रम में नालंदा खुला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय कुमार ने शिक्षण कार्य को सबसे जिम्मेदारी भरा क्षेत्र बताया। उन्होंने कहा कि समाज और देश की दिशा तय करने में युवाओं की भूमिका अहम होती है। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षक और प्रशिक्षक राष्ट्र निर्माण की नींव रखते हैं। एससीईआरटी की पूर्व निदेशक डॉ. मंजू लाल ने कहा कि शिक्षक किसी भी राष्ट्र के भाग्य विधाता होते हैं। उन्होंने नालंदा की भूमि की प्रशंसा करते हुए इसे सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करने वाला क्षेत्र बताया।



पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आरके सिंह ने शिक्षक प्रशिक्षण को शिक्षा प्रदान करने का सशक्त मंच बताया। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षकों की भूमिका समाज में शिक्षा की गुणवत्ता और दिशा को तय करती है। कार्यक्रम के दौरान महाबोधि कॉलेज के प्राचार्य अरविंद कुमार ने नये छात्रों को स्कूल किट देकर सम्मानित किया। उन्होंने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वे शिक्षा के माध्यम से समाज में अपनी भूमिका को पहचानें।

समारोह में डॉ महेश प्रसाद,शैलेश कुमार, राजेंद्र प्रसाद और अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भी महत्वपूर्ण बना दिया। छात्रों ने इस अवसर पर विशेषज्ञों के विचारों को ध्यान से सुना और भविष्य में उनका पालन करने का संकल्प लिया।

इस कार्यक्रम ने न केवल छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की आवश्यकता को समझाया, बल्कि उन्हें जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित भी किया।

शिक्षाविदों और अतिथियों के अनुभवों ने छात्रों में नई ऊर्जा का संचार किया। कार्यक्रम के अंत में सभी छात्रों ने नालंदा की ऐतिहासिक और शैक्षिक परंपराओं को जीवित रखने का संकल्प लिया।